## एक नजर में

### पहली बार हुई पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता

**मंडला नभाप्र.** मंडला के नगर पालिका टाउन हॉल में पहली बार पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले भर के जिम से जुड़े युवाओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। इस आयोजन में बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम और कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान समेत गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आगामी त्योहारों पर शांति बनाए रखने का किया आह्वान

**नारायणगंज नभाप्र.** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के उद्देश्य से नारायणगंज थाना टिकरिया प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसी अवसर पर 15 से 30 जुलाई तक चले नशा से दूरी हैं जरूरी अभियान का भी समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, नगर ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया समेत सरपंच एवं सचिव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। थाना प्रभारी गोपाल घासले ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए आगामी त्योहार रक्षाबंधन, गणेश चतुर्थी और दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान नशा से दूरी हैं जरूरी अभियान के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और इस अभियान की सफलता पर प्रकाश डाला गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक पखवाड़े चले अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने सभी से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। उपस्थित सदस्यों ने भी अपने विचार रखे और पुलिस प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाए रखने और नशा मुक्ति अभियान में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### बाईक और ऑटो में आमने सामने टक्कर, चार घायल

**मंडला नभाप्र.** नारायणगंज से भानपुर मार्ग के सिकोसी घाटी में तेज रफ्तार के कहर से चार लोग घायल हो गए। जिन्हें तत्काल सीएचसी नारायणगंज उपचार के लिए लाया गया। हादसे की जानकारी नारायणगंज टिकरिया पुलिस को दी गई। जानकारी अनुसार नारायणगंज से भानपुर मार्ग में ग्राम सिकोसी के यादव मोहल्ले के पास घाट में आटो और बाईक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में आटो चालक सुमनदास पडवार पिता रतन दास 35 वर्ष निवासी ग्राम भानपुर अचेत हो गया। वहीं आटो में बैठे दो यात्री भी घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि आटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बाईक में सवार दो युवकों में से एक युवक अंकित सोनी पिता संतोष सोनी 22 वर्ष को चोटें आई हैं, जिसका भी उपचार सीएचसी नारायणगंज में चल रहा है।

**हादसा** | नव निर्मित हाईवे पुलिया पर हादसा

# दो बाइक की भिड़ंत, तीन की मौत, एक गंभीर

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट में दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में लोगों की मौत हो गई। दो लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली।

हादसे में एक 18 वर्षीय युवक की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटना बालाघाट-गोंदिया हाईवे पर मंगोली धड़ी पुलिया के पास शुक्रवार दोपहर एक से दो बजे के बीच की है।

पुलिस के अनुसार, मृतक ऋषभ और उसके साथी के मूल निवास स्थान का भी पता नहीं चल पाया है। कुछ लोग उन्हें कर्नाटक का बता रहे हैं तो कुछ पश्चिम बंगाल का। पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है।

घटनास्थल पर मृत हुए खारा निवासी कुणाल और ऋषभ के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए किरनापुर अस्पताल ले जाया गया है। ऋषभ के साथी का शव जिला अस्पताल में रखा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





#### एक बाइक पर सवार दो लोग खारा से रजेगांव जा रहे थे

किरनापुर थाना क्षेत्र के खारा निवासी आईटीआई छात्र गौरव कामड़े और 19 साल का कुणाल वैद्य किसी काम से खारा से रजेगांव जा रहा था। दौरान मंगोली धड़ी गांव के हाईवे पुलिया पर उनकी बाइक की दूसरी बाइक से टक्करा गई। हादसे दोनों बाइक बुरी तरह से डैमेज हो गईं हैं। हादसे में कुणाल वैद्य और ऋषभ (पिता नंदकिशोर) की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल गौरव और ऋषभ के साथी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां ऋषभ के साथी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अभी तक इस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।

## पत्रकार संघ करेगा कांवड़ियों का भव्य स्वागत

**नवभारत, परसवाड़ा।** नीलकंठ भगवान महादेव को जल अर्पण करने के लिए मुख्यालय परसवाड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम चीनी के समीप स्थित चीनीटोला के जल कुंड से जल भरकर वनांचल ग्राम सावरझोड़ी में स्थित अत्यंत प्राचीन कुंड के समीप स्थित मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ को जल का अभिषेक करने के लिए प्रतिवर्ष सैकड़ों कावड़ियों द्वारा कावड़ यात्रा करते हुए वनग्राम सावरझोडी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाता है।

इसी कड़ी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भोलेनाथ को जल का अभिषेक करने के लिए निकलने वाली कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत श्री राम मंदिर दरबार के सम्मुख वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गेनाइजेशन तहसील पत्रकार संघ परसवाड़ा व ग्राम के बंधु बांधवों तथा सहयोगियों के द्वारा किया जावेगा



। बता दें कि बीते 11 वर्षों से ग्राम चीनी के जलकुंड से जल भरकर पैदल यात्रा पर निकलने वाले कावड़ियों का स्वागत पत्रकार संघ परसवाड़ा द्वारा किया जाता रहा है। प्रतिवर्ष कावड़ियों द्वारा सैकड़ो की संख्या में ग्राम चीनीटोला के जलकुंड से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए बाजे गाजे की धुन पर थिरकते हुए ग्राम लिंगा, परसवाड़ा, डोंगरिया, लच्छीटोला आदि ग्राम होकर ग्राम सावरझोड़ी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाता है । अभिषेक के पश्चात समाजसेवियों द्वारा आयोजित भंडारे में सभी भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था होती है। जहां सभी भक्त भगवान भोलेनाथ का महाप्रसाद ग्रहण करते हैं।

इसी संदर्भ में जानकारी देते हुए बोल बम समिति के सदस्य लोकेश पटले द्वारा परसवाड़ा सहित सभी क्षेत्रीय

धर्म प्रेमी बंधुओ से 4 अगस्त सोमवार को कावड़ यात्रा में शामिल होकर भोलेनाथ के अभिषेक का पुण्य लाभ अर्जित करने की बात कही गई है। वही वर्किंग जर्नलिस्ट पत्रकार संघ परसवाड़ा के अध्यक्ष देवेंद्र डहरवाल ने क्षेत्र के सभी धर्म प्रेमियों, सहयोगियों और बंधु बंधावों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## नवांकुर सखियों ने धनकोषा में निकाली हरियाली कलश यात्रा

**नवांकुर सखी पौधरोपण के लिए ग्रामीणों को कर रही है जागरूक**

**नवभारत, कटंगी।** म. प्र. जन अभियान परिषद कंटगी द्वारा चयनित नवांकुर संस्था कोहका एवं ग्राम विकास प्रस्त्रपुटन समिति धनकोषा द्वारा नवांकुर सखी-हरित हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था ग्राम धनकोषा स्थित भगवान श्री राम मंदिर परिसर में महिलाओं ने चौपाल लगाकर भजन कीर्तन के साथ कार्यक्रम की शुरुवात करी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीईओ जनपद गायत्री सारथी विशेष अतिथी विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत जनपद सदस्य श्रीमती रेखा परिहार, सरपंच सीरम धुवें, अभ्युदय संस्था के अध्यक्ष संदीप शर्मा, परामर्शदाता अंजू डोगरें द्वारा भगवान श्री राम का पूजन कर



शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीईओ जनपद गायत्री सारथी द्वारा महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा नवांकुर दीदी एवं ग्रामीण जनों ने हरियाली यात्रा निकाल कर सभी ग्रामीणजनों को संदेश दिया गया की सभी अपने अपने घरों में खेतों में वृक्ष लगाकर अपनी प्रकृति को हरा भरा कर जीवन को खुशहाल बनाए । जन अभियान परिषद के सुरेंद्र भगत द्वारा उपस्थित ग्रामीणजनों को बताया कि हरियाली यात्रा निकालने का क्या उद्देश्य है हम सभी को वृक्षारोपण करके उसे संरक्षित करना है । अभ्युदय संस्था के संदीप शर्मा ने हरियाली यात्रा में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा हम सभी को अपने जीवन में 11 वृक्ष लगाकर उसको संरक्षित और संरक्षण करना है ,इन्हीं पेड़ पौधों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है, वृक्षों के अभाव में मनुष्य जीवन असंभव है। परामर्शदाता सुश्री अंजू डोगरें ने अपने संबोधन में कहा मध्य प्रदेश के प्रत्येक ग्राम में महिलाएं हरियाली यात्रा निकालकर वे यह संदेश दे रही है पेड़ लगाकर , उसे संरक्षित करे, जिससे प्रकृति की गोद को हरा भरा किया जा सके ।

## पशुओं पर दया जरूरी लेकिन समस्या बनने ना दिया जाये-भारती

**नपाध्यक्ष ने आवारा कुत्तों के बधियाकरण को लेकर किया निर्देशित**

**नवभारत, बालाघाट।** शहर में आवारा कुत्तों के आंतक से जुड़ी खबरें समाचार पत्रों, सोशल मीडिया तथा व्यक्तिगत तौर पर सामने आ रही है। बीते समय नगरपालिका द्वारा आवारा कुत्तों का बधियाकरण अभियान चलाकर लगभग 400 कुत्तों का बधियाकरण किया गया था उसी तर्ज पर पुन: तत्काल रूप से बधियाकरण की कार्यवाही प्रारंभ कर आमजनों की सुरक्षा हेतु बालाघाट नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर द्वारा सीएमओ तथा संबंधित विभागों को सजगता से कार्य करने निर्देशित किया है। नपाध्यक्ष ने बताया कि शहर में विचरण करते आवारा कुत्तों के रोकथाम एवं बधियाकरण एवं रैबीज के इंजेक्शन लगाये जाने की प्रक्रिया नगर पालिका द्वारा की जाये ऐसी अपेक्षा नगरवासियों की है और यह हमारी संस्था की नैतिक जिम्मेदारी भी है, पशुओं पर दया जरूरी है लेकिन उन्हें समस्या बनने नहीं दिया जा सकता है इसलिए पशुपालन विभाग से भी सहयोगात्मक कार्यवाही कर नगरपालिका के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवगत कराया जाये। नपाध्यक्ष ने लिखित पत्र में निर्देशित किया है कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थलों पर भोजन/आहार ना दिया जाये इसके लिये जागरूक करने प्रचार-प्रसार हो किसी प्रकार का मांसाहार आवारा कुत्तों को ना मिले जिससे कि वे हिंसक हो जाये ऐसी परिस्थिति उत्पन्न ना होने दी जाये इसके लिये मांसाहार विक्रेताओं को सखूत आदेश जारी किये जाये।

***आवारा मवेशियों को लेकर भी रहे सख्ती***

नपाध्यक्ष ने पत्र में उल्लेख किया है कि बीते समय नगर में आवारा पशुओं को लेकर अभियान चलाया गया था जो सार्थक रहा है, किंतु पशुओं को जबरन छुड़ाकर ले जाने, पशु मालिकों द्वारा दूध दोहने के उपरांत इन्हें शहर में आवारा फिरने के लिये छोड़े जाने जैसी अनेक समस्याएँ सामने आई थी, जबकि शहर के भीतर पशुओं के जमावड़े को समाप्त करने कारगर प्रयास किये गये थे। नपाध्यक्ष ने बताया कि पशुपालन होना चाहिये इसमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन शहर के भीतर आवारा मवेशियों का झुण्ड, सड़कों पर विचरण करने तथा बैठने वाले मवेशी दुर्घटना का कारण बनते है तथा गंदगी फैलती है पशु मालिक नगरपालिका को सहयोग करें जिससे कि कोई समस्या ना होने पाये।

### स्थानांतरण के बाद भी जमें हुये है कर्मचारी

**बालाघाट।** जिले मे ऐसे तो कोई भी अधिकारी आना नहीं चाहता और आ जाये तो फिर यहां से बाहर जाना नहीं चाहता द्य वज़ह चाहे जो भी परंतु जिले मे परेशानी कम और कमाई ज्यादा वेतन का अलावा हो जाती है द्य जिले मे ऐसे कई मामले है जिसमें शासकीय अधिकारी और कर्मचरियों का ट्रांसफर जिले से बाहर हो गया है और वे यही पर अपने आका के दम पर टिके हुए है द्य हाल ही मे पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 10 जून 25 को एक ट्रांसफर की लिस्ट जारी की गई है जिसमें बालाघाट जिले के क्रमांक 5 पर पुरुषोत्तम उइके,जनपद पंचायत बिरसा में पदस्थ है इनका स्थानांतरण सिंगरौली हुआ है तथा क्रमांक 78 संतोष नागेश ग्रामीण यांत्रिकी विभाग कटंगी में पदस्थ उपयंत्री है इनका स्थानांतरण अनूपपुर हुआ है। इनका स्थानांतरण 10/06/25 को हो चुका है। लेकिन इनको रिलीव आज तक नहीं किया गया क्यों नहीं किया जा रहा है ।

### धान की टाप ड्रेसिंग के लिए कृषि विभाग की किसानों को सलाह

**बालाघाट।** बालाघाट मध्यप्रदेश राज्य का सर्वाधि ?क धान उत्पादक जिला है। यहां पर रोपा एवं बोआर दोनों पद्धति से धान की फसल लगाई जाती है। बालाघाट जिले में धान की फसल के अनुरूप वर्षा होने के कारण धान की रोपा लगाने का कार्य तेजी से पूर्णता की ओर बढ़ रहा है। जिन किसानों की बोनी एवं रोपा का कार्य पूर्ण हो चुका है वे धान की फसल में टाप ड्रेसिंग के लिए उर्वरक का छिड़काव कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में कृषि ? विभाग के अधि ?कारियों द्वारा किसानों को उर्वरक के इस्तेमाल के संबंध में सलाह दी गई है। इस वर्ष बालाघाट जिले में 02 लाख 40 हजार हेक ?टेयर क्षेत्र में धान की फसल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 02 लाख 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल लगाई जा चुकी है। गत वर्ष 2024 में बालाघाट जिले में 02 लाख 56 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल लगाई गई थी।

## जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भाषण ,प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बताया गया जल का महत्व**

**नवभारत, बालाघाट।** जल ही जीवन है, जल संरक्षण आज की आवश्यकता है।इसी संदेश को लेकर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भरवेली बालाघाट में जल संरक्षण पर भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय बालाघाट द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे, शिक्षक सुधीर तिवारी, ,इकाई प्रभारी अजय बैस, श्री लांजेवार सर,एनसीसी अधिकारी श्रावण बोदेले सर, अंकिता यादव, शिक्षक गण सहित सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री अरुण



कुमार तुमसरे, जी ने कहा कि आज आवश्यकता भी है कि हम जल के महत्व को समझे, और जनमानस तक,आगे आने वाली पीढ़ी तक जल के महत्व को बताएं ।जल का उतना ही उपयोग करें जितना हमें आवश्यक है , और आज इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से बच्चे जल संरक्षण के बारे में जान पाएंगे,जल के महत्व को समझेंगे। अजय बैस ने उपस्थित जनों को कार्यक्रम के उद्देश्य, विभागीय जागरूकता कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। और बताया कि कैच द रैन कार्यक्रम के माध्यम से जल को सहेजने के बारे में बताया जा रहा है जल का संरक्षण आज की आवश्यकता है।

जागरूकता कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें उत्साह के साथ जल के महत्व, जल संरक्षण, जिम्मेदारी पर बच्चों ने विचार रखें। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में सीनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान परिधि अग्रवाल , सरलीन कौर ,द्वितीय स्थान , भव्या चौहान एवम् जूनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान अन्वी मेश्राम, द्वितीय स्थान इशिका नागेश्वर, तृतीय स्थान अमीषी डोंगरे, हार्दिक रहागडाले, ओसियां ने प्राप्त किया। जिन्हें पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। जल के महत्व को प्रदर्शित करते हुए प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

## वन विभाग की भूमि में अवैध कब्जा हटाने एवं वनअधिकार पट्टा को निरस्त करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, बालाघाट।** ग्राम सुंदर वाही के ग्रामीणों ने ग्राम सभा कर वन भूमि में हुई कब्जा और जारी हों रहे वन भूमि अधिकार के पट्टे के विरोध में मुख्य मंत्री मोहन यादव के नाम परिक्षेत्र अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उन्होंने बताया कि वन परिक्षेत्र बिरसा के दमोह बिट अंतर्गत वन विभाग कक्ष क्रमांक 1696/97 में सेरपार, पण्डीपथरा और गर्राटोला के लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे पांच गांव के पालतू पशुओं के लिए चरागाह की जगह नहीं बची है, जिससे हम सभी ग्रामिणजनों को गौचर के लिए परेशानियों का सामना करना पड रहा है, और हम अपने पशुओं को पालने से वंचित हो रहे हैं,क्योंकि हमारे पशुओं को गौचर का स्थान नही मिल पा रहा है, उन्होंने बताया कि कुछ लोंगों द्वारा वन भूमि का फर्ज़ी पट्टा बनवाकर अपना अधिकार जताया जा रहा



है,तो कोई वन अधिकार पट्टा के लिए आवेदन कर रहा है,जिसकी जांच कर वन अधिकार पटटा को निरस्त किया जाय। लोगों द्वारा बताया गया कि उक्त कक्ष क्रमांक में सुन्दरवाही वन समिति द्वारा समिति निर्माण के समय से ही सुरक्षित की जा रही है और जब किसी कब्जेधारी द्वारा 2005 के पहले से कोई कब्जा नहीं किया गया था,सभी अतिक्रमणकारी द्वारा 2014- 2015 या उसके बाद वन में कब्जा किया गया है तो उनके वनाधिकार के पट्टे किस आधार पर बने। अत: वन अधिकार पट्टा में रोक लगाया जाएं अगर वन अधिकार पटटा में रोक नही लगाया गया तो वन सम्पदा नष्ट हो जाएगा और पर्यावरण में दुषित प्रभाव पडेगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं किया गया तो वें पांच गांव अजगरा, दोसीटोला, सुदीनटोला सुन्दरवाही एवं ईमलीटोला ग्रामों के ग्रामीण वन क्षेत्र में कब्जा करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## मंडला में 14 खेलों की प्रतियोगिताओं में एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया

**खेल से मिली ऊर्जा का युवा कर सकते हैं सकारात्मक कार्यों में उपयोग**

**नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन**

**मंडला नभाप्र.** मंडला में जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा और जिला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला और 7 विकासखंडों में इन प्रतियोगिताओं को आयोजित किया गया था। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी विकास खराड़कर ने बताया कि खेलों से युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने का एक सशक्त माध्यम माना गया है। इस प्रतियोगिताओं में एक हजार से अधिक स्कूली बच्चों और खिलाड़ियों ने भाग लिया।

विभिन्न खेलों में विजेता और




उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई। जिला स्तर पर खो-खो, हैंडबॉल, तीरंदाजी, फुटबॉल, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल, बैडमिंटन और वुशु जैसे खेलों का आयोजन किया गया था। खो-खो प्रतियोगिता पुलिस लाइन खेल मैदान में आयोजित की गई जिसमें 27 खिलाड़ियों ने भाग लिया। हैंडबॉल प्रतियोगिता निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल में हुई जिसमें 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता महात्मा गांधी स्टेडियम में हुई जिसमें 40 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। तीरंदाजी प्रतियोगिता इंडोर स्टेडियम में हुई और इसमें 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता महात्मा गांधी स्टेडियम में 30 खिलाड़ियों के साथ आयोजित की गई। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बैडमिंटन और वुशु प्रतियोगिताओं में लगभग 60 और 40 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, और ये दोनों प्रतियोगिताएं 3 दिनों तक चलेंगी।

विकासखंड स्तर पर मोहगांव, नैनपुर, बीजाडांडी, निवास, घुघरी, नारायणगंज और मवई में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मोहगांव में कबड्डी, नैनपुर में कराटे, बीजादांडी में हैंडबॉल, निवास में वॉलीबॉल, घुघरी में फुटबॉल, नारायणगंज में क्रिकेट और मवई में एथलेटिक्स का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत सभी खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। पुरस्कार वितरण से





पहले भी खिलाड़ियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली। खो-खो प्रतियोगिता के बाद एनआईएस कोच डॉ. आकाश खत्री ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। हैंडबॉल प्रतियोगिता के बाद पुलिस विभाग के एएसआई धनराज नंदा ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। जिला स्तर पर पुरस्कार वितरण महात्मा गांधी स्टेडियम में किया गया।

## कांवड़ यात्रियों ने नर्मदा जल से किया शिवाभिषेक

### भुआ बिछिया में बोल बम के जयकारों से गूंजा राम मंदिर परिसर

**भुआ बिछिया नभाप्र.** नागपंचमी के अवसर पर भुआ बिछिया नगर में बोल बम के जयकारों के साथ 300 से अधिक कांवड़ यात्रियों ने माँ नर्मदा के पवित्र जल से भगवान शिव शंकर का अभिषेक किया। सावन माह में भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित करने का विशेष महत्व है, और जब यह जल पवित्र नदियों का हो तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में इन कांवड़ यात्रियों ने प्रात: काल ही नगर से 45 किलोमीटर दूर स्थित नर्मदा के खड्डेदेवारा घाट से जल लेना शुरू किया। शाम 7 बजे तक सभी कांवड़ यात्री वापस लौटकर नगर के राम मंदिर पहुँचे, जहाँ उन्होंने राम मंदिर में स्थापित शिव शंकर सहित नगर के सभी मंदिरों में माँ नर्मदा जी का जल अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने नगर और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रत्नेश यादव ने बताया कि 300 से अधिक कांवड़ यात्रियों ने नागपंचमी के पावन पर्व पर इस धार्मिक यात्रा को पूरा किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत करियादंड जनपद पंचायत किरनापुर जिला पंचायत बालाघाट**

क्रमांक/Q/ग्रा.पं./2025 | **निविदा सूचना** | दिनांक : 31/07/2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **करियादंड** जनपद पंचायत **किरनापुर** के आगनबाड़ी भवन ग्राम **नेवरगावखुर्द** में वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना, सांसद निधी, विधायक निधी, पंच परमेश्वर योजना 15 वां वित्त, 5वां वित्त, राज्य वित्त, **महिला बाल विकास मद** एवं अन्य मदों से कराये जाने वाले कार्यों के लिए सामग्री लोहा, सीमेंट, गिट्टी, रेती आदि क्रय किया जाना है। इस हेतु **दिनांक 31/07/2025 से 05/08/2025** तक मटेरियल सप्लायरों से निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जावेगा।

**सरपंच** श्रीमति सरोजनी राजेश पांचे | **उपसरपंच** पवन लिल्हारे | **सचिव** अर्जुनबाहे | **रोजगार सहायक** देवेन्द्र रांहगडाले

**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत करियादंड जनपद पंचायत किरनापुर**